दिनांक–24.05.2024 समय–7.10एएम

प्रादेषिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :–

- लोकसभा चुनाव के छटवें चरण का प्रचार थमा। आठ राज्यों की 58 सीटों पर कल होगा मतदान।
- प्रधानमंत्री ने कहा– कांग्रेस ने पूर्व सैनिकों को वन रेंक– वन पेंषन से वंचित रखा। प्रियंका गांधी बोली महंगाई बेरोजगारी पर खामोष है भाजपा।
- मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने इंदौर, देवास, सीहोर में मतगणना की तैयारियों का जायजा लिया।
- प्रदेष में भीषण गर्मी का दौर जारी। कई जिलों में तापमान 46 डिग्री सेल्सियस के पार।

चुनाव प्रचार–थमा

लोकसभा चुनाव के छठे चरण का प्रचार कल षाम थम गया। इस चरण में आठ राज्यों के 58 निर्वाचन–क्षेत्रों में शनिवार 25 मई को मतदान होना है। इनमें बिहार की आठ, हरियाणा की सभी दस सीट, जम्मू–कश्मीर की एक, झारखण्ड की चार, दिल्ली की सभी सात सीट, ओडिसा की छह, उत्तर प्रदेश की 14 और पश्चिम बंगाल की आठ सीट शामिल हैं। इन 58 लोकसभा सीट पर कुल आठ सौ 89 उम्मीदवार मैदान में हैं। मतदान सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक होगा।

चुनाव प्रचार

प्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नरेंद्र मोदी ने आरोप लगाया है कि आई.एन.डी.आई.ए. गठबंधन के दल अपने परिवारों को प्राथमिकता देते हैं, देश को नहीं। उन्होंने कल हरियाणा के महेंद्रगढ़ में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए दावा किया कि विपक्षी गठबंधन पहले पांच चरणों में चुनाव हार चुका है और उसने डेटा और ईवीएम पर सवाल उठाने सहित विभिन्न आधारहीन आरोपों का सहारा लेना शुरू कर दिया है। श्री मोदी ने कांग्रेस की इस बात के लिये आलोचना की कि उसने पूर्व सैनिकों को दशकों तक वन रैंक वन पेंशन से वंचित रखा। श्री मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ने इस योजना को लागू करने के लिए सवा लाख करोड़ रुपये से अधिक खर्च किये। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को महेन्द्रगढ में एक रैली को संबोधित करते हुए अग्निवीर योजना की आलोचना की थी। वहीं कांग्रेस की प्रमुख प्रचारक प्रियंका गांधी वाड्रा ने कल झारखंड के गोड्डा में सभा को संबोधित करते हुए कहा कि महंगाई और बेरोजगारी ऐसे मुद्दे हैं जिनका जनता सामना कर रही हैं। लेकिन सत्तारूड़ भाजपा के नेता इन मुद्दों पर खामोष हैं।

चुनावी दौरा

भारतीय जनता पार्टी के नेता और मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव आज तेलंगाना के चुनावी दौरे पर रहेंगे। डॉ. यादव यहां हनुमाकोंडा जिले में जनसभा को संबोधित करेंगे। वहीं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेष अध्यक्ष वीडी षर्मा आज से 30 मई तक झारखंड के चुनावी दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे देवघर, दुमका और गोंडा में पार्टी के लोकसभा प्रत्याषियों के समर्थन में बैठकों और जनसभाओं को सम्बोधित करेंगे।

पीएम–सलाम इंडिया

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत के नेता पहले देशों से दूरी बनाए रखने में विश्वास करते थे लेकिन हमने दुनियां के देशों के साथ निकटता बनाए रखने की वकालत की। नई दिल्ली में कल एक मीडिया चैनल द्वारा आयोजित कार्यक्रम 'सलाम इंडिया' में बोलते हुए श्री मोदी ने कहा कि यह देश का दुर्भाग्य था कि किसी को पता भी नहीं चलता था कि उनके प्रधानमंत्री विदेश दौरे पर गये हैं या नहीं। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए आरोप भी लगाया कि वे भारत के लोकतंत्र को बदनाम करने की योजना बना रहे हैं।

मतगणना स्थल निरीक्षण

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने कल इंदौर के नेहरू स्टेडियम में बनाए गए मतगणना स्थल का निरीक्षण किया। इंदौर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह ने मतगणना के लिए की गई आवश्यक व्यवस्थाओं की जानकारी दी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजन ने विधानसभावार बनाए गए मतगणना कक्षों में जाकर तैयारियों का जायजा लिया।

साथ ही डाक मतपत्रों की गणना के लिए की जा रही तैयारियों और स्ट्रॉन्ग रूम की सुरक्षा व्यवस्था को भी देखा। उन्होंने मतगणना टेबल, मतगणना कार्य में संलग्न अमले की संख्या, सुरक्षा व्यवस्था, डाक मतपत्रों की संख्या आदि के बारे में जानकारी ली। साथ ही मतगणना स्थल परिसर में निर्वाचन अभ्यर्थियों के प्रतिनिधियों के लिए स्ट्रॉन्ग रूम का सीसीटीवी लाईव डिस्प्ले तथा कक्ष से ही स्ट्रांग रूम की मॉनीटरिंग संबंधी व्यवस्था को देखा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजन ने सीहोर और देवास में भी मतगणना की तैयारियों का जायजा लिया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजन ने पुख्ता और बेहतर व्यवस्थाओं के लिए आवश्यक निर्देश भी दिए। उन्होंने मतगणना के दिन विद्युत की सतत् आपूर्ति हो और किसी भी वजह से मतगणना कार्य प्रभावित न हो, यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

निवाड़ी जिला–प्रथम

कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा के निर्देशन एवं जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी सरिता अग्रवाल के मार्गदर्शन मे जिले की समस्त उचित मूल्य की दुकानों के विक्रेताओं के माध्यम से पीओएस मशीन में हितग्राहियों के मोबाइल नम्बर दर्ज किए गए हैं। जिसके लिये मोबाइल नंबर सीडिंग में निवाड़ी जिला प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहा है। ज्ञातव्य है कि मोबाइल नम्बर सीडिंग के द्वारा जिले के समस्त हितग्राहियों को मोबाइल फ़ोन में एसएमएस के माध्यम से राशन से सम्बंधित समस्त जानकारी शीघ्र प्राप्त होगी, जिससे हितग्राही को खाद्यान्न समय पर प्राप्त होगा। साथ ही उनके समय की बचत भी होगी।

मौसम–गर्मी

प्रदेश में भीषण गर्मी का दौर जारी है। गर्मी और लू के प्रकोप से कई जगह जनजीवन प्रभावित हो गया है। ज्यादातर लोग दिन में घरों में ही रहकर गर्मी से बचाव कर रहे हैं। गुना जिले में कल दिन का अधिकतम तापमान 46 दषमलव 6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। कई अन्य जिलों में भी दिन का तापमान 46 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया गया। राजधानी भोपाल में तापमान 44 डिग्री से अधिक रहा।

एफआईएच–पुरुष हॉकी

भारतीय पुरुष हॉकी टीम कल एंटवर्प में एफआईएच प्रो लीग 2023–24 सीज़न के यूरोपीय चरण में ओलंपिक चैंपियन बेल्जियम से 1–4 से हार गई। इससे पहले बुधवार को हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली पुरुष टीम ने शूटआउट में अर्जेंटीना को हराया था। पुरुष वर्ग में भारत 10 मैचों में 17 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है जबकि बेल्जियम छह मैचों में छह अंकों के साथ सातवें स्थान पर है। दोनों टीमें इस शनिवार को वापसी मैच के लिए भिडेंगी। इधर, भारतीय महिला हॉकी टीम को भी एफआईएच प्रो लीग में कल बेल्जियम से 2–0 से हार का सामना करना पड़ा। यह टीम कल बेल्जियम से फिर भिड़ेगी।

समाचार संक्षेप में .....

- नर्मदापुरम जिले के इटारसी में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, मध्यभारत प्रान्त के 15 दिवसीय संघ शिक्षा वर्ग के दौरान सेवा प्रदर्शनी लगाई गई है।
- शिवपुरी में आज लोकसभा मतगणना को लेकर गणना पर्यवेक्षक, गणना सहायक एवं माइक्रो ऑब्जर्वर का प्रथम प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा।
- अनूपपुर जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष वशिष्ठ ने कल अनूपपुर के शासकीय महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज पहुँचकर मतगणना के लिए की जा रही तैयारियों का जायजा लिया।
- अंतराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के उपलक्ष में नीमच में जैव विविधता समिति सदस्यों, ग्राम वन समिति सदस्यों, वन विकास समिति सदस्यों और वन अमले के साथ चीताखेडा चोकी पर कार्यशाला आयोजित की गई।
- गुना जिले के विभिन्न ग्रामों में आयुष्मान कार्ड बनाने, समग्र ई–केवाईसी करने एवं आधार अपडेशन कार्य करने के लिए कैंप आयोजित किए जा रहे हैं।

———————————